हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 13 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 06 अगस्त से 12 अगस्त 2021

### हे प्रभु !

जिन लोगों को दूसरों की कुछ ज्यादा फिक्र होती है ना, वो खुद इस दुनिया में अकेले रह जाते हैं.

- अज्ञात

### अनमोल विचार

जब किसी आदमी को ज्यादा सोचने की बीमारी लग जाती है तो वो होश में रहकर भी बेहोश ही रहता है.

- अज्ञात

### नजरिया

हालात कितने ही खराब क्यों ना हो,
जीत की लालसा मन में होनी चाहिए।


-संपादक

# पीएम नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विरोधियों को लिया आड़े हाथ

## इन सभी ने किया UP के साथ अन्याय

**लखनऊः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण महोत्सव का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान वाराणसी, कुशीनगर, झांसी, सुल्तानपुर, सहारनपुर में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के एक-एक लाभा थयों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संवाद भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में इस कार्यक्रम से जुड़े प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद के बाद राजनीतिक विरोधियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि बीते दशकों में उत्तर प्रदेश को हमेशा राजनीति के चश्मे से देखा गया। दिल्ली के



सिंहासन का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है, इसका सपना देखने वाले तो बहुत से लोग आए और गए लेकिन किसी ने यह नहीं सोचा की उत्तर प्रदेश देश के विकास में अग्रिम भूमिका निभा सकता है। किसी ने वंशवाद, किसी ने परिवार के लिए और किसी ने अपने राजनीतिक स्वार्थवश यूपी को इस्तेमाल किया। अपने स्वार्थ में डूबे इन लोगों ने उत्तर प्रदेश को आ थक समृद्ध से जोड़ा ही नहीं बल्कि खुद को समृद्ध किया। अब उत्तर प्रदेश ऐसे लोगों के कुचक्र से बाहर निकल आया है। उत्तर प्रदेश भारत के ग्रोथ इंजन का पावर हाउस बन सकता है, यह विश्वास हाल के वर्षों में बना है।

## मंदिर में तोड़फोड़, भारत की सख्ती से बैकफुट पर पाकिस्तान दिए कार्रवाई के आदेश

**इस्लामाबाद.** गणेश मंदिर में तोड़फोड़ को लेकर भारत द्वारा सख्ती दिखाए जाने के बाद पाकिस्तान बैकफुट पर आ गया है. पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस मुद्दे पर ट्वीट किया है. उन्होंने कहा है-भोंग के गणेश मंदिर पर हुए हमले की हम आलोचना करते हैं. मैंने पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक को पहले ही आदेश दे दिया है कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए. और पुलिस लापरवाही के मामले पर भी सख्त कार्रवाई की जाए. सरकार मंदिर का पुनर्निमाण भी करवाएगी. इससे पहले भारत ने मामले में कड़ी प्रतिक्रिया जताई है. गुरुवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गणेश मंदिर में तोड़फोड़ की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

# राकेश टिकैत ने एमएसपी के नाम पर गड़बड़ी करने का लगाया आरोप

**गाजियाबाद.** भारतीय किसान यूनियन ने अनिवार्य करने के साथ उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में टरढ के नाम पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है. इससे संबंधित दस्तावेज भी मीडिया के सामने रखे और बताया कि एमएसपी पर खरीद किसानों से नहीं व्यापारियों से खरीद की जा रही है. बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गुरुवार को यूपी गेट पर इस मुद्दे पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया. उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले का



उदाहरण देते हुए टिकैत ने कहा कि बाईपास निर्माण के नाम पर किसानों ने ऐसी जमीन खरीद दिखा दी गई, जिस पर मौजूद में खेती हो रही है या आबादी बसी हुई है. उन्होने बताया कि फर्जी किसान दिखाकर एकाउंट में पैसे जमा दिखाने के बाद उस रकम को निकालकर आपस में बांटा जा रहा है. की बिल्डिंग है लेकिन वहां पर खेती दिखाकर रकम ली जा रही है.



# परमबीर सिंह ने अनिल देशमुख के खिलाफ जांच को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर की याचिका



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने बुधवार को राज्य के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा नियुक्त जस्टिस चांदीवाल आयोग के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख मनी लांड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने हाजिर नहीं हुए। देशमुख ने अपने अधिवक्ता इंद्रपाल सिंह के माध्यम से ईडी को दो पन्नों का पत्र भेजा और उल्लेख किया कि वह अपना प्रतिनिधि भेज रहे हैं। ईडी पहले भी देशमुख को तीन बार बुला चुकी है। ईडी ने शुक्रवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अनिल देशमुख और उनके बेटे ऋषिकेश देशमुख को समन जारी कर दक्षिण मुंबई में जांच एजेंसी के कार्यालय में पेश होने को कहा था।सूत्रों ने कहा था कि ईडी ने मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रविधानों के तहत अनिल देशमुख को तलब किया था क्योंकि एजेंसी मामले में उनका बयान दर्ज करना चाहती है।सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह ईडी द्वारा दर्ज मनी लांड्रिंग मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा का अनुरोध करने वाली अनिल देशमुख की याचिका पर तीन अगस्त को सुनवाई करेगा। देशमुख ने पिछले महीने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद वह मनी लांड्रिंग मामले में बयान दर्ज कराने के लिए ईडी के सामने पेश होंगे।बांबे हाई कोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने मामले में प्रारंभिक जांच शुरू की, जिसके बाद ईडी ने देशमुख और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। अदालत ने सीबीआइ से अनिल देशमुख के खिलाफ मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा लगाए गए रिश्वत के आरोपों की जांच करने को कहा था। अप्रैल में गृह मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले देशमुख ने सभी आरोपों से इन्कार किया था।

# मुंबई लोकल ट्रेन सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन



**मुंबईः** मुंबई शहर में लोकल ट्रेन सेवाओं को फिर से शुरू करने को लेकर चर्चगेट पर भाजपा कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने कहा कि यह पुलिस के माध्यम से सरकार की तानाशाही है, लेकिन हमारा विरोध आम आदमी के लिए है। राज्य सरकार हमें विरोध नहीं करने देती और न ही सेवाएं फिर से शुरू कर रही है। मुंबई में कोरोना महामारी के कारण बीते कई माह से आम आदमी के लिए लोकल ट्रेन सेवा बंद है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर ही भाजपा कार्यकर्ता आज चर्चगेट पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

# कोविड टीके की दोनों खुराक लेने वालों को यात्रा की छूट पर हो विचार : मुंबई हाईकोर्ट

**मुंबई।** मुंबई हाई कोर्ट ने गुरुवार को कोविड-19 महामारी के बीच आम जनजीवन को पटरी पर लौटाने के पहले चरण के बारे में अहम सुझाव दिए हैं। अदालत ने कहा कि सरकार वैक्सीन की दोनों खुराक ले चुके लोगों की पहचान कर उन्हें अन्य लोगों से अलग करने और कामन कार्ड देने पर विचार करे, ताकि वे बिना रोक-टोक यात्रा व कोविड पूर्व गतिविधियां कर सकें। चीफ जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस जीएस कुलकर्णी की पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र व केंद्र सरकार एक कामन कार्ड जारी करने पर जरूर विचार करें। पीठ मुंबई की लोकल ट्रेनों में यात्रा करने के लिए वकीलों, न्यायिक क्लर्कों व कर्मचारियों, पत्रकारों और वैक्सीन की दोनों खुराक लगवा चुके अन्य लोगों को अनुमति देने के लिए दाखिल जनहित याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रही थी। महाराष्ट्र सरकार की ओर से प्रस्तुत महाधिवक्ता आशुतोष कुंभकोणि ने अदालत को बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से वकीलों और पंजीकृत न्यायिक क्लर्कों के लिए एक पत्र जारी किया जाएगा, जिसके आधार पर रेलवे उन्हें स्थानीय ट्रेनों में



यात्रा करने के लिए पास जारी करेगा। इस पर पीठ ने महाराष्ट्र कोविड-19 कार्यबल के सदस्य डा. शशांक जोशी के एक साक्षात्कार का हवाला दिया, जो एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है। इसमें डा. जोशी ने कहा है कि राज्य ने कम से कम 70 प्रतिशत आबादी का पूर्ण टीकाकरण करने का लक्ष्य अभी हासिल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की एक तिहाई आबादी को अब भी कोरोना वायरस से संक्रमित होने का खतरा है। इसलिए बिना रोक-टोक के लोकल ट्रेनों में यात्रा करने की अभी अनुमति नहीं दी जा सकती है, भले ही किसी ने कोविड टीके की दोनों खुराकें क्यों ना लगवा ली हों। कारण है कि ऐसे लोगों की पहचान करना मुश्किल काम है।

# बढ़ी महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री संजय राठौड़ की मुसीबत

**मुंबई.** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री संजय राठौड़ की आवाज के नमूने इस वर्ष फरवरी में पुणे में मृत पाई गई पूजा चव्हाण के मोबाइल फोन से निकाले गए ऑडियो क्लिप में सुनाई दे रही आवाज की फोरेंसिक जांच में मेल खा गए हैं. पुलिस ने यह जानकारी दी. राठौड़ ने पूजा चव्हाण (23) की मौत मामले में उनका नाम सामने आने पर इस वर्ष 28 फरवरी को राज्य



मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया था. चव्हाण आठ फरवरी को मृत पाई गई थी. चव्हाण जिस इमारत में रहती थी उससे गिरने से उसकी मौत हो गई थी. महिला की मौत के बाद उसके फोन के कुछ ऑडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुए थे. अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने महिला का फोन अपने कब्जे में लेकर कुछ ऑडियो क्लिप्स को फोरेंसिक जांच के लिए पुणे की प्रयोगशाला में भेजा था. पुणे पुलिस को फोरेंसिक प्रयोगशाला से हाल में रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें ऑडियो क्लिप की वैधता की पुष्टि हुई. अधिकारी ने बताया कि इस बात की पुष्टि हुई है

# प्रख्यात लेखिका पद्मा सचदेव का मुंबई में निधन

**मुंबई।** डोगरी की कवयित्री व हिंदी की कई विधाओं की लेखिका पद्मा सचदेव का बुधवार सुबह मुंबई में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को सुबह 10 बजे मुंबई के जोगेश्वरी (प.) में ही किया जाएगा।पद्मश्री व साहित्य अकादमी सहित कई अन्य साहित्यिक पुरस्कारों से सम्मानित 81 वर्षीय लेखिका पिछले कुछ समय से कई बीमारियों से ग्रस्त थीं। वह मुंबई में अपनी बेटी के साथ रह रही थीं। बुधवार सुबह उनके निधन की खबर आने के बाद जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा व केंद्रीय मंत्री जीतेंद्र सिंह




सहित कई साहित्यकारों ने शोक व्यक्त किया है। 1940 में जम्मू के पुरमंडल गांव में संस्कृत विद्वान जयदेव बाडू के घर में जन्मी पद्मा सचदेव की डोगरी में लिखी पहली कविता उनकी 14 वर्ष की उम्र में ही प्रकाशित हो गई थी। 1966 में उनका विवाह शास्त्रीय गायक सुरिंदर सिंह से हुआ था। उनके डोगरी में आठ कविता संग्रह, तीन गद्य की पुस्तकें व हिंदी में विभिन्न विधाओं में 19 पुस्तकें प्रकाशित हैं। उनकी 11 अनूदित कृतियां भी प्रकाशित हो चुकी हैं। हिंदी फिल्मों के लिए भी उन्होंने कुछ गीत लिखे थे।

# राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी अब नहीं करेंगे रिव्यू मीटिंग, ठाकरे सरकार ने उठाए थे सवाल



मुंबई. महाराष्ट्र कैबिनेट की नाराजगी के बाद अब राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने अपना कार्यक्रम बदल लिया है. अब वो रिव्यू मीटिंग नहीं करेंगे. बुधवार को उन्होंने नांदेड़, परभणी और हिंगोली जिलों में अपने कार्यक्रम को संशोधित किया है. माना जा रहा है कि इससे महाराष्ट्र सरकार और राज्यपाल के बीच तनातनी कम होगी. बुधवार को जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें करने के बजाय कलेक्टर कार्यालयों में, जिला अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे.कोश्यारी नांदेड़ और हिंगोली जिलों के सर्किट हाउस में जिला अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे. परभणी में जिले के अधिकारियों के साथ उनकी बैठक वसंतराव नायक कृषि विद्यापीठ के विश्राम गृह में होगी. हालांकि, नांदेड़ में स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय में बालिका और लड़कों के छात्रावास के उद्घाटन के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है. अंग्रेजी अखबार द इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत करते हुए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नवाब मलिक ने कहा, ह्यहमारे मंत्रिमंडल ने इस बात को लेकर चिंता जाहिर की थी कि राज्यपाल यहां दो पावर सेंटर बना रहे हैं. अब राज्यपाल ने अपने कार्यक्रम में सुधार किया और कलेक्टर कार्यालयों में समीक्षा बैठकें रद्द कर दीं हैं. हमें राज्यपाल द्वारा सर्किट हाउस में जिला अधिकारियों से मुलाकात करने में कोई आपत्ति नहीं है. हमारा एकमात्र तर्क ये था कि राज्यपाल कलेक्टर कार्यालय में समीक्षा बैठक नहीं कर सकते हैं और दो शक्ति केंद्र नहीं बना सकते हैं 2 अगस्त को जारी पहले के कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल को तीनों जिलों में कलेक्टर कार्यालय में जिला अधिकारियों के साथ ह्यसमीक्षा बैठकह्न करनी थी. मलिक ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों से कहा था कि राज्य मंत्रिमंडल में इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी, जिसने इन घटनाओं पर नाराजगी व्यक्त की थी. उन्होंने कहा था कि मुख्य सचिव सीताराम कुंटे को राज्यपाल के सचिव से व्यक्तिगत रूप से मिलने और ये बताने के लिए कहा गया है कि दूसरे शक्ति केंद्र के रूप में संचालन का ये व्यवहार उचित नहीं है. सरकार ने छात्रावासों के उद्घाटन पर भी आपत्ति जताते हुए कहा था कि राज्यपाल राज्य सरकार को अपने कार्यक्रमों के समन्वय या संवाद के बिना ऐसा कर रहे हैं.

# महाराष्ट्र के अफसरों की इजरायल यात्रा पर राज्य सरकार को नोटिस



**मुंबई।** बांबे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र के सूचना एवं जन संपर्क महानिदेशालय के अधिकारियों की 2019 की इजरायल यात्रा को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया है कि यह यात्रा पेगासस जैसे स्पाइवेयर खरीदने के लिए की गई थी।लक्ष्मण बुरा और दिगंबर द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि अब जगजाहिर हो चुके फोन टैपिंग मामलों और अधिकारियों की इजरायल यात्रा के बीच संभवतः तार जुड़े हुए हैं। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि इस तरह की विदेश यात्रा की अनुमति देने वाले कई नियमों का इस प्रक्रिया में उल्लंघन किया गया है।याचिकाकताओं के वकील तेजेश दांडे ने अदालत में कहा, इजरायल के पास वेब मीडिया (अध्ययन यात्रा का विषय) पर ऐसी कोई विशेषज्ञता नहीं है कि राज्य सरकार के अधिकारियों को इसका लाभ मिलता। उन्होंने कहा, याचिकाकताओं का मानना है कि इजरायल भेजने का मुख्य मकसद पेगासस जैसा जासूसी साफ्टवेयर हासिल करना था।

# सुशांत सिंह राजपूत मौत केस: CBI की चुप्पी पर महाराष्ट्र कांग्रेस ने उठाए सवाल





**मुंबईः** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो पर फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में जांच पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है. सीबीआई ने एक साल पहले मामले में जांच संभाली थी. पार्टी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल केंद्र अपने खुद के ह्यराजनीतिक एजेंडाके लिए कर रहा है.राजपूत (34) 14 जून, 2020 को मुंबई के बांद्रा इलाके में अपने अपार्टमेंट में पंखे पर फंदे से लटके मिले थे और सीबीआई ने पिछले साल अगस्त में जांच का जिम्मा संभाला था. प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत ने ट्वीट किया, ह्यसीबीआई द्वारा सुशांत सिंह राजपूत की दुर्भाग्यपूर्ण मौत की जांच मुंबई पुलिस से लिए हुए आज एक साल हो गया. मुंबई पुलिस द्वारा प्राथमिकी सीआरपीसी की धारा 177 के तहत दर्ज की गई थी. शीर्ष अदालत ने भी मुंबई पुलिस द्वारा की गई जांच पर संतुष्टि जताई थी. उन्होंने कहा कि अब 300 दिन से भी ज्यादा हो गए हैं जब एम्स की एक समिति ने हत्या होने की बात खारिज कर दी थी.

# 16 वर्षीय लड़की ने ढीले कपड़े पहन छुपायी गर्भावस्था, फिर 7वीं मंजिल से नीचे फेंकी नवजात



**मुंबईः** विरार पुलिस ने एक 16 वर्षीय लड़की के खिलाफ अपने फ्लैट की शौचालय की खिड़की से नवजात बच्ची को कथित तौर पर फेंकने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि लड़की ने ढीले कपड़े पहनकर अपनी गर्भावस्था को अपने माता-पिता से छुपाया था।ये घटना विरार हाउसिंग सोसाइटी की है, जहां ये लड़की अपने माता-पिता के साथ रहती है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नवजात बच्ची को निजी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने किशोरी को रिमांड होम भेज दिया है। पुलिस इस मामले में लड़की के 25 साल के प्रेमी के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है।पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे की है।




संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला

संपादकीय

# स्वर्ण से कम नहीं यह कांस्य

*क्या खूब खेली हमारी हॉकी टीम! दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने कुछ मिनटों के अंतराल पर ही दो गोल दाग दिए थे और हम 3-1 से पिछड़ गए। मगर उसी क्वार्टर के आखिरी पांच मिनटों में हमारे लड़कों ने खेल बराबर कर दिया। और, इसके बाद जो कुछ हुआ, वह इतिहास है। 41 साल के बाद हमारी पुरुष हॉकी टीम ओलंपिक के पोडियम पर पहुंची। वाकई, क्या जोश और जज्बा था खिलाड़ियों में। अगर उन्हें आधा घंटा और खेलना पड़ता, तब भी उनके चेहरे पर थकान नहीं दिखती। हालांकि, इस जीत में कुछ योगदान किस्मत का भी रहा। आखिरी पांच सेकंड में जिस तरह से जर्मनी को पेनाल्टी मिली और हमारे गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने जिस तत्परता से उसे रोका, वह चमत्कार जैसा ही था। एकाध बार तो गेंद हमारी गोलपोस्ट के दाएं-बाएं से निकल गई। फिर भी, ओलंपिक का यह कांस्य किसी स्वर्ण पदक से कम नहीं है इस टीम से पदक की उम्मीद ओलंपिक के पहले से ही की जा रही थी। इस भविष्यवाणी का आधार हमारी ताकत, कमजोरी पर मेहनत और हमारा मनोबल था। टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना, विश्व हॉकी की रैंकिंग में आठवें से चौथे स्थान पर आना, और बड़ी-बड़ी टीमों के खिलाफ पूरे जोश के साथ सफलतापूर्वक लड़ना, हरेक हॉकीप्रेमी को आश्वस्त कर रहा था कि यह अटीम टोक्यो से पदक लेकर ही लौटेगी। शुरूआती मैच हम न्यूजीलैंड से जीते, फिर ऑस्ट्रेलिया से हारे, लेकिन इन जीत-हार के बावजूद पुल से आगे बढे. और सेमीफाइनल में पहुंचे। हम चूंकि नीचे से उठकर ऊपर पहुंचे थे, जिससे टीम में काफी विविधता थी, सोचने-खेलने की अलग-अलग प्लानिंग थी और हमारा उत्साह भी चरम पर था। फिर भी, हम सेमीफाइनल जीत नहीं सके। खास बात यह कि हमारे खिलाड़ियों ने इस हार को ओढ़ा नहीं। प्रधानमंत्री ने भी बाकायदा टीम को सराहा, जिसने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया होगा। उन्हें महसूस हुआ होगा कि हार के बाद भी उन्हें अपने देश, लोग और सरकारों की तरफ से पूरा प्यार मिल रहा है। ऐसे में, रुपिंदर पाल सिंह, हरमनप्रीत, अमित रोहिदास जैसे खिलाड़ी जर्मनी के खिलाफ मैच में हमारी ऐतिहासिक जीत की रीढ़ बन गए। यहां मुझे अनायास 1972 के ओलंपिक खेल याद आ रहे हैं, जिसकी टीम का मैं भी सदस्य था।*

# संवैधानिक दायरे में सियासी लाभ



मोदी सरकार ने मेडिकल एवं डेंटल पाठ्यक्रमों में आरक्षण को लेकर हाल में एक महत्वपूर्ण पहल की। इसके अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़े तबकों यानी ईडब्ल्यूएस के लिए इनमें अखिल भारतीय स्तर पर आरक्षण का विस्तार किया जाएगा। यह भाजपा जैसी एक राष्ट्रीय पार्टी द्वारा उठाया गया चतुराई भरा कदम है। इसके माध्यम से उसने अपने मूल मतदाताओं को खुश रखते हुए तमाम क्षेत्रीय दलों के जातिगत समर्थन में सेंध लगाने का प्रयास किया है। भारतीय संविधान के पहले संशोधन में अनुच्छेद 15 में धारा चार जोड़ी गई। इसके अनुसार राज्य को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति या सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े अन्य वर्गों के उत्थान के लिए विशेष प्रविधान करने का अधिकार प्रदान किया गया है। यह राज्य द्वारा की गई आरंभिक स्वीकारोक्ति थी कि ऐसे नागरिकों के संरक्षण के लिए आरक्षण या ऐसी अन्य नीतियां आवश्यक थीं। ओबीसी को लेकर आजादी के बाद से ही सुगबुगाहट जारी रही है।

> *वह ओबीसी के उप-वर्गीकरण के भी धुर समर्थक थे। इसके बाद मंडल आयोग की वजह से यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर मुखरित हुआ। मंडल आयोग का गठन 1979 में जनता पार्टी सरकार ने किया था।*

इस मसले की पड़ताल के लिए कई आयोग और समितियां गठित की गईं। इनमें काका कालेलकर आयोग प्रमुख था। कालेलकर आयोग ने 1953 में अपनी रिपोर्ट सौंपी। राज्यों में भी दर्जनों आयोग सक्रिय रहे। सरकार ने कालेलकर आयोग की रपट पर कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि उसमें उसे गंभीर विरोधाभास महसूस हुए। इसके बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री देवराज अर्स ने राज्य में ओबीसी को लेकर हैवनूर आयोग गठित कर उसकी रपट के क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाए। 1978 में बिहार के मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर ने अपने राज्य में ओबीसी के लिए नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था का एलान किया। वह ओबीसी के उप-वर्गीकरण के भी धुर समर्थक थे। इसके बाद मंडल आयोग की वजह से यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर मुखरित हुआ। मंडल आयोग का गठन 1979 में जनता पार्टी सरकार ने किया था। आयोग ने दिसंबर 1980 में अपनी रिपोर्ट दी। उसका उद्देश्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की पड़ताल और उनके सुधार के उपाय सुझाना था। मंडल आयोग ने आर्थिक पिछड़ेपन का संज्ञान नहीं लिया। आयोग की दृष्टि में देश की 52 प्रतिशत आबादी ओबीसी के दायरे में आती है, लिहाजा उसके अनुसार सभी नौकरियों में उनका 52 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार बनता था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा निर्धारित कर दी। ऐसे में आयोग ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत कोटे की सिफारिश की। मंडल आयोग ने कहा कि अनुच्छेद 14 विधि के समक्ष समता की गारंटी देता है, लेकिन समता का सिद्धांत एक दोधारी तलवार है।

यह जीवन की दौड़ में सशक्त और अशक्त को एक ही पायदान पर रखता है। चूंकि आयोग का उद्देश्य सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन की पड़ताल करना था, इसलिए आर्थिक पिछड़ेपन को चिन्हित करना उसके एजेंडे में नहीं था। उसने स्पष्ट रूप से कहा कि ह्यकिसी समाज की मानवीयता के स्तर का निर्धारण इसी से होता है कि वह अपने कमजोर, अशक्त और साधनहीन सदस्यों को किस प्रकार संरक्षण प्रदान करता है।

घर-संसार

# हरियाली अमावस्या पर किया गया ये उपाय वैवाहिक जीवन को खुशियों से भर देगा



सावन का महीना हिन्दू धर्म के अनुसार बहुत खास होता है और इस माह पड़ने वाला हर त्योहार अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण होता है। एक ऐसा ही खास व्रत 8 अगस्त 2021 दिन रविवार को दस्तक देने जा रहा है। इस खास दिन को हरियाली अमावस्या के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह व्रत पति-पत्नी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस व्रत को पूरा करने से दोनों के बीच में रिश्ते और अधिक मजबूत होते हैं। इस खास दिन पति-पत्नी अगर साथ में शिव पार्वती जी की पूजा करें तो इससे उनके जीवन में कई लाभ होंगे। चलिए 8 अगस्त दिन रविवार को पड़ने वाली हरियाली अमावस्या के बारे में विस्तार से जानते हैं। अगर आप भी इस दिन व्रत रखकर शुभ फल की प्राप्ति करना चाहते हैं तो इसके लिए जरूरी है कि आप पूजा विधि के अनुसार ही इस व्रत को पूरा करें। इसके लिए हरियाली अमावस्या के दिन पति-पत्नी साथ में भगवान शिव और देवी पार्वती जी की पूजा करें। पूजा करने के लिए आप सबसे पहले शिवलिंग का पंचामृत से अभिषेक करें। अब उस पर सफेद फूल अर्पित करें। माता पार्वती जी को श्रृंगार चढ़ाएं। दीप प्रज्वलित करें। उन्हें भोग लगाएं, पूजा के दौरान ऊँ उमामहेश्वराय नमः मंत्र का जाप करें। इस पूजा का प्रसाद पति-पत्नी ग्रहण करें और परिवार के सदस्यों में भी इसे बांटे। अगर आप यह पूजा करते हैं तो आपका वैवाहिक जीवन खुशहाल व समृध्द हो जाएगा अगर आप चाहते हैं कि आपकी पूजा फलदायी रहे तो इस दिन आप एक पौधा जरूर लगाएं।

# प्रीमियर वर्ल्ड के सम्पादक डॉ. राजेश कुमार ने किया प्रीमियर इंडिया का लोकार्पण


**पटना.** मुंबई स्थित मीडिया हाउस डॉ. राजेश कुमार इंटरनेशनल इंफोटेनमेंट मीडिया ग्रुप अपने प्रोडक्ट की संख्या बढ़ाने के क्रम में लगातार प्रयत्नशील है और इस कड़ी में डॉ. राजेश कुमार इंटरनेशनल इंफोटेनमेंट मीडिया ग्रुप के संस्थापक, निदेशक व ग्रुप एडिटर डॉ. राजेश कुमार ने प्रीमियर वर्ल्ड हिंदी व अंग्रेजी तथा राष्ट्र जागरूकता हिंदी मासिक पत्रिका के बाद अपने पिता व वरिष्ठ समाज सेवी स्वर्गीय राज कुमार प्रसाद सिन्हा के 79वीं जयंती के अवसर पर प्रीमियर इंडिया हिंदी मासिक पत्रिका का पटना स्थित शाखा कार्यालय में लोकार्पण किया. प्रीमियर इंडिया के लोकार्पण समारोह के पूर्व स्वर्गीय राज कुमार प्रसाद सिन्हा की तस्वीर का ग्रुप एडिटर व जन संग्राम पार्टी के उप-अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने उन्हें याद करते हुए माल्यार्पण किया और प्रीमियर इंडिया के जन्म की कहानी लोगों से साझा करते हुए कहा कि उनके पिता कभी भी उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने के पक्ष में नहीं रहें और जब उन्होंने 2018 में प्रीमियर वर्ल्ड पत्रिका का प्रकाशन करना प्रारम्भ किया तो वह यह कहते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त किये कि पत्रिका का प्रकाशन मध्यम वर्ग के लोगों के लिए नहीं है और उन्होंने व्यंगात्मक लहजे में कहा कि जब प्रीमियर वर्ल्ड का प्रकाशन शुरू किया है तो प्रीमियर इंडिया को क्यों छोड़ रहे हो, उसका भी प्रकाशन कर लो. डॉ. राजेश आगे बताते हैं कि इसके बाद से ही प्रीमियर इंडिया का विचार उनके मस्तिष्क में आया और उसका परिणाम यह है आज हमलोग प्रीमियर इंडिया के लोकार्पण समारोह में उपस्थित हैं.


प्रीमियर इंडिया के लोकार्पण समारोह में आए अधिवक्ता शिवानंद गिरी, न्यूज इंडिया के सम्पादक डॉ. पुरुषोत्तम कुमार, वरिष्ठ समाज सेवी, पत्रकार व विख्यात रंगकर्मी विश्व मोहन चौधरी संत और पत्रकार अशोक कुमार ने जहाँ प्रीमियर इंडिया के लोकार्पण के पूर्व समाज सेवी स्वर्गीय राज कुमार प्रसाद सिन्हा को नमन करते हुए उनकी तस्वीर का माल्यार्पण किया वहीं ऑन-लाइन माध्यम से प्रीमियर वर्ल्ड के उप-सम्पादक, वरिष्ठ पत्रकार व न्यूज एंकर मानवेन्द्र कुमार, वीडियो एडिटर व पत्रकार हेमेंद्र कुमार, पत्रकार अमित कुमार गौड़ ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की. जहाँ अधिवक्ता शिवानंद गिरी ने डॉ. राजेश कुमार को प्रीमियर इंडिया के प्रकाशन के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि डॉ. साहब लगातार काम करते रहने में यकीन करते हैं जो इनकी कामयाबी का राज है वहीं न्यूज इंडिया के सम्पादक डॉ. पुरूषोत्तम कुमार ने भी अपने वक्तव्य




में कहा कि राजेश जी नवयुवकों ही नहीं बल्कि किसी के लिये भी प्रेरणा का एक अहम स्रोत हैं जो काबिल-ए-तारीफ है. इसके साथ ही रंगकर्मी विश्व मोहन चौधरी संत ने कहा कि डॉ. साहब आज पत्रकारिता के क्षेत्र में एक अलग मुकाम रखतें हैं और प्रीमियर वर्ल्ड के बाद प्रीमियर इंडिया का इनके द्वारा प्रकाशन इस बात को प्रमाणित भी करता है. इसके अतिरिक्त वरिष्ठ पत्रकार व न्यूज एंकर मानवेन्द्र कुमार ने कहा कि डॉ. साहब की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह अपनी पत्रिकाओं के स्तर को हमेशा ऊंचा उठाने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं जिसमें वो कामयाब भी हुए हैं. ऑन-लाइन माध्यम से जुड़ते हुए पत्रकार अमित कुमार गौड़ ने कहा कि डॉ. साहब हार न मानने वाले एक जीवट इंसान हैं जिन्होंने फैशन दुनिया में अपना खास मुकाम बनाया और उसके बाद उसी कामयाबी को दोहराते हुए पत्रकारिता जगत में भी अपना अलग मुकाम बनाने में सफल हुए हैं. पत्रकार व वीडियो एडिटर हेमेंद्र कुमार ने कहा कि वह डॉ. साहब को हमेशा कुछ न कुछ नया करते ही देखते रहते हैं. ये थकते नहीं और हमेशा ऊर्जा से भरे होते हैं जिसका प्रमाण है कि इन्होंने अपने मीडिया हाउस के अंतर्गत अब तक चार पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया है जो इनकी प्रतिभा को दर्शाती है. विवेक एक्सप्रेस के सम्पादक सूचित कुमार, कोरियोग्राफर सीमा कर्ण व ग्राफिक डिजाइनर पद्मलोचन जेना ने भी डॉ. राजेश को बधाई देते हुए कहा कि डॉ. साहब विभिन्न प्रतिभाओं का एक पुष्पगुच्छ की तरह हैं. इस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न राज्यों से ऑन-लाइन माध्यम द्वारा अन्य पत्रकार भी जुड़ कर डॉ. राजेश कुमार को प्रीमियर इंडिया की सफलता के लिए शुभकामना दिए.

# उज्जैन के महाकाल मंदिर में अगले माह फिल्म शूटिंग, अक्षय कुमार, परेश रावल आएंगे





**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में सितंबर माह के पहले सप्ताह में फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार और परेश रावल की फिल्म ओ माय गाड-2 की शूटिंग होगी। मंदिर के भीतर तथा आसपास के क्षेत्र में विभिन्न दृश्यों का फिल्मांकन किया जाएगा। बताया जाता है फिल्म की शूटिंग को लेकर मेकर्स ने अनुमति ली है।उल्लेखनीय है कि सन 1981 में प्रसिद्ध अभिनेत्री रेखा की फिल्म मंगलसूत्र की शूटिंग महाकाल व मंगलनाथ मंदिर में हो चुकी है। इससे पहले 1975 आई धार्मिक फिल्म जय संतोषी माता की शूटिंग भी हरसिद्धि मंदिर के पीछे स्थित प्रसिद्ध संतोषी माता मंदिर में हो चुकी है। इसके अलावा विभिन्ना टीवी सीरियल, वेबसीरिज आदि की भी शूटिंग धर्मधानी में हो चुकी है।

महाकाल मंदिर व आसपास सितंबर माह में फिल्म की शूटिंग होगी। कुछ दृश्य मंदिर के भीतर भी फिल्माए जाएंगेउज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में गुरुवार को भोपाल निवासी अभिलाषा दुबे ने भगवान महाकाल के श्रंगार हेतु 2 किलो 663 ग्राम चांदी का छत्र भेंट किया। इसी प्रकार महु निवासी दीपक सोनाने ने चांदी की 108 रूद्राक्ष की माला भेंट की।

# अखिलेश यादव का दावा- UP विधानसभा चुनाव में

## 403 में से 400 सीट जीत सकती है समाजवादी पार्टी

**लखनऊ**



लखनऊ छोटे लोहिया के नाम से विख्यात पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती पर समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में गुरुवार को भव्य आयोजन किया है। समाजवादी पार्टी पार्टी उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के खिलाफ प्रदेश के हर जिले में साइकिल रैली कर रही है। इसके साथ ही जनेश्वर मिश्र की जन्मभूमि बलिया में समाजवादी पार्टी का प्रबुद्ध वर्ग का सम्मेलन भी है। बलिया में जनेश्वर मिश्रा के घर शुभनथही से प्रबुद्ध जन सम्मेलन होगा।लखनऊ में समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने साइकिल रैली को रवाना करने के साथ ही उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 के प्रचार के लिए नया नारा ह्यबूपी का यह जनादेश, आ रहे हैं अखिलेशह्न भी जारी किया। अखिलेश यादव ने कार्यालय में मीडिया को भी संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ता जनेश्वर मिश्र के रास्ते पर है। आज प्रदेश में जगह-जगह साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। जिससे कि प्रदेश के हर कोने का हाल जान सकें। उन्होंने कहा कि हम उत्तर प्रदेश को विकास की राह पर लाए थे और अब उसको आगे ले जाएंगे। अखिलेश ने कहा कि भाजपा में अपराधियों की भरमार है। वो ह्यमैनीफेस्टोह्न नहीं ह्यमनीफेस्टोह्न बनाते हैं। उनके लिए राजनीति एक व्यापार है। भाजपा की सरकार ने कोरोना के दौरान लोगों की मदद नहीं की और बड़ी संख्या में मौतें हुई हैं।


# मेरठ में बोले नगर विकास मंत्री-बड़े प्लांट का इंतजार नहीं होगा, छोटे-छोटे STP लगाने की बनेगी कार्ययोजना

**मेरठ।** मेरठ शहर के नालों से सीवर को अलग करने के लिए नेशनल रिवर गंगा फार मिशन में स्वीकृति 220 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसे बड़े प्लांट लगने का इंतजार नहीं किया जाएगा। अब शहर में जरूरत के हिसाब से छोटे-छोटे एसटीपी लगाने की कार्ययोजना बनाई जाएगी। साथ ही नालों के गंदे पानी को ट्रीट करने के लिए बायोरेमेडिएशन तकनीक



को बढ़ावा दिया जाएगा। इसकी विस्तृत कार्ययोजना बनेगी। गुरुवार को कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने अफसरों को दिए।नगर विकास मंत्री ने कहा कि नालों से सीवर को अलग करना जरूरी है। छोटे एसटीपी बनने से सीवर नालों में नहीं बहेगा और जलभराव की समस्या भी खत्म होगी। भेजें। वन सिटी वन आपरेटर स्कीम के तहत 72 एमएलडी एसटीपी व उससे जुड़ी सीवर लाइन की सफाई व रखरखाव की जिम्मेदार कंपनी के कार्य की स्थिति जानी नगर आयुक्त ने कहा कि पहले से अब उनके कार्य में सुधार है।

# चेतना का सूर्य- ओशो




यह जो जगत है, एक परिवार है। यहाँ सब जुड़ा है, यहाँ टूटा कुछ भी नहीं है। यहाँ पत्थर से आदमी जुड़ा है? जमीन से चाँद-तारे जुड़े हैं, चाँद-तारों से हमारे हृदय की धड़कनें जुड़ी हैं, हमारे विचार सागर की लहरों से जुड़े हैं पहाड़ों के ऊपर चमकने वाली बर्फ हमारे मन के भीतर चलने वाले सपनों से जुड़ी है। यहाँ टूटा हुआ कुछ भी नहीं है, यहाँ सब संयुक्त है, यहाँ सब इकट्ठा है। यहाँ अलग-अलग होने का उपाय नहीं हैं, क्योंकि यहाँ बीच में गैप नहीं है जहाँ से चीजे टूट जायें। टूटा होना सिर्फ हमारा भ्रम है। भगवान श्री रजनीश अब केवल ओशो नाम से जाने जाते है। ओशो के अनुसार उनका नाम विलियम जेम्स के शब्द ओशानिक से लिया गया है, जिसका अभिप्राय है सागर में विलीन हो जाना। ह्यओशनिक से अनुभूति की व्याख्या तो हाती है, लेकिन वे कहते हैं कि अनुभोक्ता के सम्बन्ध में क्या उसके लिए हम ह्यओशो शब्द का प्रयोग करते है। बाद में उन्हें पता चला कि ऐतिहासिक रूप से सुदूर पूर्व में भी ओशो शब्द प्रयुक्त होता रहा है, जिसका अभिप्राय है भगवत्ता को उपलब्ध व्यक्ति, जिस पर आकाश फूलों की वर्षा करता है।ओशो को जब मैंने पहली बार देखा तो मुझे वही महसूस हुआ जो सबको होता है: मैं ही बोल रहा हूँ।

# गाजर का जूस का सेवन सेहत के लिए है वरदान

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार की जरूरत होती है। शरीर के लिए जरूरी तमाम पोषक तत्वों के सेवन से बीमारियां भी दूर होती हैं। लोग स्वस्थ और फिट रहने के लिए जूस का सेवन करते हैं। फलों और सब्जियों के रस में तमाम पोषक तत्व होते हैं जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। आज के समय में डिटॉक्स ड्रिंक खूब चलन में है, लोग शरीर से विषाक्त पदार्थों को दूर करने के लिए इस ड्रिंक का सेवन करते हैं। नियमित रूप से रोजाना डिटॉक्स ड्रिंक का सेवन करने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है और शरीर के भीतर मौजूद विषाक्त पदार्थ भी बाहर निकल जाते हैं। शरीर को फिट, हेल्दी और रोगमुक्त रखने के लिए आजकल एबीसी जूस का सेवन खूब किया जा रहा है। यह एक प्रकार का बॉडी डिटॉक्स ड्रिंक है जिसे तीन फल और सब्जियों को मिलकर बनाया जाता है। इंसान के शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने के लिए शरीर के तीन महत्वपूर्ण अंग काम करते हैं जिसमें लिवर, किडनी और आंतें शामिल है। यह जूस शरीर के इन तीनों अंगों से विषाक्त पदार्थों को बाहर करने में उपयोगी होता है।

एबीसी जूस का सेवन सेहत के लिए रामबाण माना जाता है, आइये जानते है इसके सेवन से होने वाले फायदे और घर पर इसे तैयार करने की रेसिपी के बारे में।क्या है एबीसी डिटॉक्स जूस? एबीसी डिटॉक्स जूस या ड्रिंक सेहत के वरदान मानी जाती है। इसका सेवन मोटापे से लेकर शरीर की कमजोरी तक कई प्रकार की परेशानियों में फायदेमंद होता है। एबीसी जूस अस्र्स्त्र्ी (सेब), (चुकंदर), (गाजर) को मिलकर बनाया जाता है। इन तीनों फलों में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो सेहव के लिए काफी उपयोगी माने जाते हैं। सेहत के साथ-साथ इस जूस का सेवन स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याएं जैसे पिंपल्स, ब्लैकहेड्स, ब्लैक स्पॉट्स और दाग-धब्बे की समस्या को दूर करने में यह जूस बहुत लाभदायक होता है। इसके अलावा एबीसी जूस का सेवन शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है।



# पिंकफेम अनिरुद्ध रॉय चौधरी की लॉस्ट में नजर आएंगी पिया बाजपेई

नई दिल्लीः एक्ट्रेस पिया बाजपेई साउथ और लाल रंग और मिर्जा जूलियट जैसी हिंदी फिल्मों से अपनी पहचान बना चुकी हैं। पिया अब पिंक फेम अनिरुद्ध रॉय चौधरी की अगली फिल्म में नजर आने वाली हैं। पिया ने कोलकाता में फिल्म लॉस्ट की शूटिंग भी शुरू कर दी है। इस फिल्म में पिया के साथ एक्टर राहुल खन्ना और तुषार पांडे के साथ नजर आएंगे फिल्म को लेकर पिया काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने कहा, मैं लंबे समय से लॉस्ट जैसी फिल्म करने की



सोच रही थी, इसमें एक अद्भुत कहानी और एक अच्छा सेट अप है। मैंने अपनी पिछली फिल्मों में बहुत सी नई चीजें करने की कोशिश की थी लेकिन यह वह फिल्म थी जिसे करने का मेरा मन करता है। पिया ने आगे कहा,मेरे निर्देशक अनिरुद्ध सर (टोनी दा) एक बहुत ही पेशेवर और शांत व्यक्ति हैं। जिस तरह से वह आपको सीन को समझाते हैं वो काबिले तारीफ है।

जब से उन्होंने पिंक का निर्देशन किया, तब से मैं उनके साथ काम करना चाह रही हूं।कोलकाता में शूटिंग के बारे में बात करते हुए, पिया ने शेयर किया, मुझे स्क्रिप्ट सुनाते समय जिस तरह से कोलकाता के बारे में बताया गया, वह मुझे बहुत पसंद आया। इस शहर का अपना चरित्र है जिसने मुझे इसकी ओर खींचा। चूंकि, कोलकाता मिठाइयों के लिए प्रसिद्ध है और मैं भी उन्हें प्यार करता हूं। बता दें कि लॉस्ट एक दिलचस्प थ्रिलर कहानी है और नमः पिक्च र्स और जी स्टूडियो द्वारा समर्थित है। ये फिल्म अगले साल मतलब 2022 को रिलीज होगी हालांकि इसके रिलीज डेट का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

# जब उनके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को आउट किया जाता है तो इमोशन दिखता है-विराट कोहली



**नई दिल्ली:** जेम्स एंडरसन बनाम विराट कोहली प्रतियोगिता एक ऐसी प्रतियोगिता है, जिसका हर क्रिकेट प्रशंसक फैन है। हर कोई इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट मैच का इंतजार करता है। ऐसे में यहां के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर यह गुरुवार को अलग नहीं था, क्योंकि भारत के कप्तान पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करने उतरे और जेम्स एंडरसन के सामने गोल्डन डक का शिकार हो गए। हालांकि, फैन ऐसा नहीं चाहते हैं। वे चाहते हैं कि दोनों प्रतिद्वंदियों के बीच द्वंद देखा जाए, लेकिन यहां दोनों के बीच एकतरफा द्वंद दिखा। हालांकि, इंग्लिश गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरी ताकत के साथ टीम की लड़ाई होनी चाहिए.मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेम्स एंडरसन ने कहा, मैं उस पर (विराट कोहली के साथ उनकी लड़ाई पर) ज्यादा ध्यान नहीं देने की कोशिश करता हूं। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम गेंदबाज के रूप में वही करें जो हम अपनी ताकत में सर्वश्रेष्ठ करते हैं। मैं गेंद को दो सलामी बल्लेबाजों से दूर घुमाने और उस बढ़त को हासिल करने की कोशिश कर रहा था। उसके बाद, मैं स्टंप्स पर आक्रमण करने की कोशिश कर रहा था और एक स्ट्राइटर गेंदबाजी कर रहा था। आपको व्यक्तिगत लड़ाइयों को इससे दूर रखना होगा।वहीं, जब उनसे ये पूछा गया कि चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली के विकेट में कौन खास था, तो उन्होंने कहा, हां, किसी एक को चुनना अनुचित है, क्योंकि वे दोनों महान बल्लेबाज हैं। इसलिए उन दोनों को आउट करना बहुत अच्छा है और मैं खुश हूं। मैं एक नहीं चुन सकता। वहीं, इंग्लैंड के कमबैक को लेकर उन्होंने कहा, हां, मुझे लगता है कि यह वास्तव में एक अच्छी लड़ाई थी, मुझे लगा कि हमने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। हमने अपनी पहली पारी में देखा कि अगर आप इस पिच पर अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो आप रन बना सकते हैं और साझेदारियां भी बना सकते हैं, लेकिन शुरूआत करना भी मुश्किल हो सकता है। अगर आपको एक विकेट मिलता है तो आपको एक क्लस्टर मिल सकता है, हम एक गेंदबाजी ग्रुप के रूप में अपने काम पर टिके रहे। इस तरह के कुछ विकेट हासिल करना, खासकर विराट के लिए उनके लिए इतना प्रभावशाली खिलाड़ी होने के कारण, यह बहुत अच्छा था।

इसके अलावा विराट कोहली के विकेट को लेकर जेम्स एंडरसन ने कहा,देखिए, यह वहीं (कोहली का विकेट) हैं। विश्व स्तरीय खिलाड़ी को आउट करना हमेशा अच्छा होता है और वह निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। वहां कुछ इमोशन, उसे आउट करने के बाद सेलिब्रेशन, लेकिन हां, यह इतना बड़ा विकेट था, और जहां मैं चाहता था, वहीं गेंद फेंकना और उसके बाद इमोशन बाहर आ गए। टीम को मैच में वापस लाना और उनके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को आउट करते हैं .

# रोहित शर्मा बोले- अगर मेरे पाले में गेंद होगी तो मैं चौके-छक्के जरूर ठोकूंगा




**नई दिल्ली:** भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 36 रन पर आउट हो गए। इसके बाद उनके एक शॉट पर सवाल उठे, जो कि उनका पसंदीदा शॉट है। रोहित के आउट होने के तरीके पर सवाल उठे तो हिटमैन ने अपने पुल शॉट खेलने का बचाव किया और कहा कि अगर वह अपने क्षेत्रों में गेंद देखते हैं, तो उन्हें अपने शॉट खेलने होंगे।पहले टेस्ट मैच में अच्छी तरह से सेट दिख रहे रोहित शर्मा को सैम कुरन ने ओली रॉबिन्सन की गेंद पर अपना ट्रेडमार्क पुल शॉट खेलते हुए कैच आउट किया था। दूसरे दिन बारिश के कारण जल्दी खेल समाप्त हो गया और प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए रोहित शर्मा ने कहा, यह मेरा शॉट है, इसलिए मुझे शॉट खेलने हैं, जैसा कि हमने खेल के पहले घंटे में देखा, हमें कोई ढीली गेंद नहीं मिली और उनके गेंदबाज काफी अनुशासित थे।उन्होंने आगे कहा, इसलिए, जब गेंद होती है तो आपको अपने मौके भुनाने होते हैं, आपको उन गेंदों पर रन बटोरना होता है। बेशक, आप जानते हैं, जब यह खेल खत्म होने का समय होता है, तो आप निराश महसूस करते हैं और यही मैं इसके बारे में महसूस कर रहा हूं। दरअसल, बात ये थी कि रोहित शर्मा जब 97 के कुल स्कोर पर आउट हुए तो भारत ने जल्द ही चेतेश्वर पुजारा, कप्तान विराट कोहली और उपकप्तान अजिंक्य रहाणे को खो दिया था।

हिटमैन रोहित शर्मा ने पुल शॉट को लेकर कहा, आपको अपने शॉट खेलने के लिए भी तैयार रहना होगा, क्योंकि उनके गेंदबाज इतने अनुशासित होते हैं कि आपको शायद ही कुछ मिलता हो। इसलिए, आपको गेंदें खेलनी होंगी, जो आपके शॉट हैं और अपने क्षेत्र में आपको उस गेंद को दूर रखना होगा और यही मैं और केएल (राहुल) हैं, जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे, हम उस विचार प्रक्रिया पर थे। अगर एक-दो शॉट लेने का मन करता है, तो हम इससे पीछे नहीं हटते, हम वो शॉट खेलेंगे। ऐसा करते समय यदि आप आउट हो जाते हैं तो आप निराश महसूस करते हैं। उन्होंने आगे कहा, आप जानते हैं कि उस तरह से आउट होने और उसी डिलीवरी या उसी गेंद के बीच बहुत पतली रेखा है.

## बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बाद ट्रेस्कोथिक ने माना इंग्लैंड ने ठीक से तैयारी नहीं की




**नई दिल्ली:** जसप्रीत बुमराह की अगुआई में भारतीय तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के आगे नाटिंघम में खेले जा रहे पहले टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी सिर्फ 183 रन पर ढेर हो गई। पहली पारी में खराब प्रदर्शन के लिए टीम के बल्लेबाजी कोच मार्क्स ट्रेस्कोथिक ने कम टेस्ट मैच खेलना कारण बताया है। उन्होंने यह भी माना कि टीम ने ठीक तरह से तैयारी नहीं की। मैच में इंग्लैंड की ओर से कप्तान जो रूट के अलावा कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। रूट ने 108 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से सर्वाधिक 64 रन बनाए। इंग्लैंड के चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके।ऐसे में इंग्लैंड के पूर्व ओपनर ने कहा कि शेड्यूलिंग हमेशा एक मुद्दा होता है और टेस्ट सीरीज के मद्देनजर आप निश्चित रूप से चाहते हैं कि बल्लेबाज ज्यादा से ज्यादा रेड-बॉल क्रिकेट खेलें। बता दें कि इंग्लैंड की टीम इस टेस्ट सीरीज से पहले श्रीलंका और पाकिस्तान से व्हाइट बॉल क्रिकेट खेली। वहीं अगर घरेलू क्रिकेट की बात करें वहां टी-20 ब्लास्ट और द हंड्रेड हो रहा है। यही कारण है ट्रेस्कोथिक ने शेड्यूलिंग को मुद्दा बताया। हालांकि, ट्रेस्कोथिक ने कहा कि वे इसे बहाने के तौर पर इस्तेमाल नहीं करने चाहते, बल्कि हम उन्हें ज्यादा समय क्रीज पर देखना चाहेंगे। उन्होंने टीम के प्रदर्शन को खराब बताया कहा कि अगली पारी और पूरी सीरीज में इंग्लैंड की टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# कर्नाटक में महाराष्ट्र से आने वालों के लिए RTPCR रिपोर्ट जरूरी, शिवसेना ने किया विरोध



**मुंबईः** महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा पर गुरुवार को उस वक्त गहमागहमी बढ़ गई जब शिवसेना ने RT-PCR नेगेटिव रिपोर्ट के फैसले के खिलाफ रास्ता ही ब्लॉक कर दिया. हालांकि कुछ देर बाद प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया. मिली जानकारी के अनुसार कोल्हापुर स्थित राज्य सीमा पर यह हंगामा हुआ. दअरसल, कर्नाटक सरकार ने फैसला लिया है कि जो गाड़ियां, महाराष्ट्र की ओर से आ रही हैं उनके लिए RT-PCR नेगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य है. शिवसेना के कोल्हापुर जिला प्रमुख संजय पवार ने कहा कि उन्होंने कोग्नोली चेक पोस्ट पर लगभग दो घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया.






# 3 दिन तक घर में पिता का शव घर में रखकर बेटी ने कर ली खुदकुशी



**पालघर.** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में सामने आई एक दुखद घटना में बेटियों ने कोविड-19 जांच के डर से बुजुर्ग पिता का शव तीन दिन तक घर में रखा. इस दौरान एक बेटी ने खुदकुशी कर ली, जबकि अपनी जान देने का प्रयास करने वाली दूसरी बेटी को बचा लिया गया. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. बेटियों को डर था कि पिता की मौत के बाद उनकी जांच की जाएगी और संक्रमित मिलने पर उन्हें पृथक-वास में रखा जाएगा. अरनाला सागरी थाने के वरिष्ठ निरीक्षक राजू माने ने कहा कि सेवानिवृत राशन अधिकारी हरिदास सहरकर का क्षत-विक्षत शव बुधवार को विरार के गोकुल कस्बे में उनके घर से मिला. अधिकारी ने बताया कि मामला तब सामने आया जब सहरकर की छोटी बेटी स्वप्नाली (36) ने दिन में नवापुर में समुद्र में छलांग लगा दी और स्थानीय लोगों ने उसे बचा लिया.माने ने कहा कि जांच से पता चला कि सहरकर की रविवार को घर पर ही मौत हो गई थी, जिसके बाद परिवार ने इस डर से उनके शव को घर पर रख दिया कि वे कोविड-19 की चपेट में न आ जाएं और फिर पृथकवास में रहना पड़े. उन्होंने कहा कि मृतक व्यक्ति की बड़ी बेटी विद्या (40) ने नवापुर में समुद्र में कूदकर आत्महत्या कर ली और उसका शव मंगलवार को पुलिस ने बरामद कर लिया.जबकि छोटी बेटी ने उसी तरह आत्महत्या करने का प्रयास किया लेकिन उसे बचा लिया गया. अधिकारी ने बताया कि पुलिस शुरू में आत्महत्या के प्रयास के मामले की जांच कर रही थी और अब दुर्घटनावश मौत के दो मामले दर्ज किए हैं.






# फिल्म में काम दिलाने के नाम पर महिला से छेड़छाड़, चार गिरफ्तार



**ठाणे:** महिला कलाकार को कथित तौर पर धमकाने और छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने एक महिला और तीन अन्य को गिरफ्तार कर लिया है। महिला कलाकार को हिंदी फिल्म में काम दिलाने के नाम पर उसके साथ छेड़छाड़ किया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि पीड़ित महिला ने आरोपितों के खिलाफ कासारवडवली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपितों ने पीड़ित महिला से कहा कि उसका चयन एक हिंदी फिल्म के लिए किया गया है। उन्होंने महिला से फिल्म के निमार्ता व निर्देशक से ठाणे में मिलने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि फिल्म में काम के लिए उसे उनकी मांगें माननी पड़ेंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई – 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net